डोंट वरी मईया है पास खड़ी

डोंट वरी मईया है पास खड़ी

अब तो, तुम ना, घबराओ, मईया जी के, गुण गाओ ।
हर संकट, मिट जाएगा, एक बार, मिलकर गाओ ॥
डोंट वरी, मईया है, पास खड़ी x॥-॥

यह दाती, वरदानी है, कोई ना इसका, सानी है ।
जगदम्बे, कल्याणी है, त्रिलोकी की, रानी है ॥
चरणों, के संग, जुड़ जाओ, मईया जी के, गुण गाओ ।
हर संकट, मिट जाएगा, एक बार, मिलकर गाओ ॥
डोंट वरी, मईया है, पास खड़ी x॥-॥

मईया मेरी, बड़ी दयालु, मन चाहे, वर देती है ।
अष्ट भुजी, महाँरानी पल में, हर संकट, हर लेती है ॥
मन चाही, खुशियाँ पाओ, मईया जी के, गुण गाओ ।
हर संकट, मिट जाएगा, एक बार, मिलकर गाओ ।
डोंट वरी, मईया है, पास खड़ी x॥-॥

आस मुरादों, वाली माँ, तेरी शान, निराली माँ ।
दर पे खड़े, सवाली माँ, भरदे झोली, ख़ाली माँ ॥
कभी ना, माँ को, बिसराओ, मईया जी के, गुण गाओ ।
हर संकट, मिट जाएगा, एक बार, मिलकर गाओ ।
डोंट वरी, मईया है, पास खड़ी x॥-॥

मईया पर, विश्वास करो, पूरी मन की, आस करो ।
माँ दुखों का, नाश करो, चरणों में, अरदास करो ॥
चंचल, हर पल, दोहराओ, मईया जी के, गुण गाओ ।
हर संकट, मिट जाएगा, एक बार, मिलकर गाओ ।
डोंट वरी, मईया है, पास खड़ी x॥-॥

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36403/title/dont-worry-maiya-hai-pass-khadi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |